हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 2 8 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ में मुलाकात की। इस मुलाकात के उपरांत हरियाणा भवन, नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से हरियाणा प्रदेश के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है। इस दौरान हरियाणा की नई औद्योगिक नीति , प्रदेश में ताज़ा निवेश व विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से बातचीत हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई औद्योगिक नीति के तहत अगले पांच वर्षों में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। जिस दिन नीति जारी की गई उसी दिन 1 लाख 10,000 करोड़ का निवेश आया, जिसमें से लगभग 25,000 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतर चुका है। इसके अलावा हाल ही में जापान यात्रा के दौरान साढ़े चार हजार करोड़ रुपये के समझौता पत्र हस्ताक्षरित हुए थे, जिनमें से ढाई हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इसी महीने मुंबई में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ हुई बैठक में भी लगभग 66 हजार करोड़ रुपये के समझौता पत्र दस्तखत किए गए हैं। इन सब की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी गई है।

---

रक्षाबंधन का त्योहार आज पूरे देश में मनाया जा रहा है।राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर देशवासियों को बधाई दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार प्राचीन काल से ही देश की संस्कृति और परंपरा का अहम हिस्सा रहा है

---

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर करनाल जेल में बंदियों से मिलने पहुंची उनकी बहनों और बेटियों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। जेल अधीक्षक लखबीर सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार जेल में बंदियों की उनके परिजनों से मुलाकात की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि बंदी भी अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मना सकें।

बाहर से जेल में आने वाले परिजनों के लिए जेल प्रशासन की ओर से कढ़ी-चावल का लंगर भी लगाया गया। इस व्यवस्था के माध्यम से परिजनों को सुविधा देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सेवा भावना का संदेश दिया गया।

---

रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर फरीदाबाद की तिरंगा गर्ल के नाम से मशहूर कुमारी सृष्टि गुलाटी ने आज भारत के मुख्य न्यायाधीश  सूर्यकांत को दिल्ली स्थित उनके कक्ष में जाकर राखी बांधी। उसके साथ उनके माता-पिता भी मौजूद रहे। इस दौरान सृष्टि ने मुख्य न्यायाधीश को श्रीमद्‌भगवद्‌गीता और राष्ट्रध्वज तिरंगा भी भेंट किया। राखी बांधने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने सृष्टि को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। नन्ही समाजसेविका सृष्टि गुलाटी अपनी सामाजिक गतिविधियों और तिरंगे के प्रति जागरूकता अभियानों के लिए फरीदाबाद में विशेष पहचान रखती हैं।

---

हरियाणा सरकार ने विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम  के माध्यम से लगाए गए अनुबंध कर्मचारियों की अनुबंध अवधि दो माह के लिए बढ़ा दी है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्‌वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी विभागों, बोर्डों और निगमों में तैनात इन कर्मचारियों की

अनुबंध अवधि 31 अक्तूबर  तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इनकी वर्तमान अनुबंध अवधि 31 अगस्त को समाप्त हो रही थी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

जींद पुलिस औरजिला शिक्षा प्रशासन ने आज जींद के गांवकंडेला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत  एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह और जिला शिक्षाअधिकारी मुन्नी सहारन ने स्कूली विद्यार्थियों,शिक्षकों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगनलेखन और रागनी जैसे सांस्कृतिक माध्यमों से नशे के खिलाफ सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

मीडिया सेबातचीत मे श्री कुलदीप सिंह ने बताया कि जींद पुलिस पिछले तीन वर्षों से लगातार नशाविरोधी अभियान चला रही है। अभियान के तहत अब तक 2लाख से अधिक लोगों से सीधा संपर्क साधा जा चुका है। लगभग 20 से25 हजार लोगों की काउंसलिंग कराई गई है। जिले के 400 गांवों व वार्डों में से चिन्हित 150 समस्याग्रस्त क्षेत्रों को पूर्णतः नशा मुक्त किया गया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------